नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक................................ . दिनांक : 27.09.2021

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रार्थना सभा के अन्तर्गत 27 सितम्बर, 2021 को **राजाराम मोहन राय पुण्यतिथि** के अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष **डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह** ने उद्‌बोधन देते हुए कहा कि राजाराम मोहन राय एकेश्वरवादी थे। उन्हें भारत में पाश्चात्य शिक्षा के प्रचार–प्रसार का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने पाश्चात्य शिक्षा के लिए अनेक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्थापना में योगदान दिया। राजाराम मोहन राय ने भारतीय समाज की विसंगतियों को दूर करने के लिए ब्रह्म समाज की स्थापना की और परंपरागत हिन्दू प्रथाओं के खिलाफ यथा – सती प्रथा, बहुपत्नी प्रथा, जातीय विभेद और बाल–विवाह के खिलाफ आवाज उठाई। राजाराम मोहन राय एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत को बदलने के लिए सराहनीय एवं सार्थक प्रयास किए और प्राचीन हिन्दू परम्पराओं को चुनौती देने का साहस दिखाया।

आज भारतीयों द्वारा कई क्षेत्रों में प्रगति का कार्य किया जा रहा है, लेकिन महिलाओं की स्थिति अभी भी इस क्षेत्र में पीछे है। समाज में व्याप्त सभी प्रकार की बुराइयों को दूर करने के लिए राजाराम मोहन राय जैसे समाज सुधारक को भारत में फिर से जन्म लेने की आवश्यकता है। ऐसे महान व्यक्तित्व एवं समाज सुधारक को पूरा महाविद्यालय परिवार कोटि–कोटि नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ASingh

डॉ. अभिषेक सिंह
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी